## नाकाबंदी : ब्लैक फिल्म, हूटर वाली गाड़ियों के चालान




सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज



मंगलवार को शहर में ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस ने विशेष नाकाबंदी की। जगराओं पुल पर लगाए गए इस विशेष नाके के दौरान मुख्य रूप से ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों, अवैध हूटर, प्रेशर हार्न और प्रेशर लाइट का इस्तेमाल करने वाले वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की। डीसीपी लॉ एंड आर्डर अरविंद मीणा, एडीसीपी ट्रैफिक सुखविंदर सिंह और एसीपी ट्रैफिक जतिन बंसल की अगुवाई में यह विशेष नाकाबंदी की गई। डीसीपी अरविंद मीणा ने बताया कि शहर में अलग-अलग स्थानों पर लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। लोगों से मिल रहे फीडबैक के आधार पर नाकाबंदी के लिए साप्ताहिक प्लान तैयार किया गया है और उसके अनुसार अलग-अलग जगहों पर विशेष नाके लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अवैध हूटर, प्रेशर हार्न और प्रेशर लाइट लगाकर खुद को वीआइपी दिखाने का प्रयास करते हैं। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि 11 सितंबर को सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर विशेष बैठक भी प्रस्तावित है।

इसमें जेब्रा क्रासिंग और सड़कों पर बने गड्ढों समेत ट्रैफिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होगी। एडीसीपी ट्रैफिक सुखविंदर सिंह ने बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस की ओर से ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### अंदरूनी कलह, खींचातानी या फिर सिफारिश का दौर ?...

# दो महीने बीत जाने के बाद अब तक भाजपा की जिला टीम नहीं बन पाई, आखिर क्या है कारण

सुनील शिंगार | लुधियाना | समर न्यूज

भाजपा के लुधियाना प्रधान को पद ग्रहण किए दो महीने बीतने को है और अब तक जिला टीम (नई बॉडी) का गठन नहीं कर पाए। आखिर ऐसा क्या कारण है कि नए नियुक्त किए गए भाजपा जिला प्रधान सुनील मौदगिल अपने साथ काम करने वाले पद अधिकारियों की नियुक्ति नहीं कर पा रहे। इसके बारे में अब पार्टी के लोग भी तंज कसने लगे है। नेताओं का कहना है कि चाहे हर राजनीतिक पार्टी की तरह अंदरूनी कलह, खींचातानी या फिर सिफारिश का दौर चल रहा है, जिस कारण नई टीम नहीं बन पा रही। लेकिन कहीं ना कहीं इसका खामियाजा आने वाली विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। कारण है कि कुछ ही महीना के बाद पंजाब में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में समय कम है और सूबे के सबसे बड़े शहर लुधियाना की सभी विधानसभा सीटों को जितना अहम भी माना जा रहा है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को इस ढील का कहीं ना कहीं नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### जुलाई को चुने गए थे नए प्रधान

*भारतीय जनता पार्टी ने लुधियाना के नए प्रधान की घोषणा 18 जुलाई को की थी। पद ग्रहण समारोह के बाद नए चुने गए प्रधान सुनील मौदगिल लगातार पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे में वह कामकाज के सिलसिले में नई टीम का गठन करना मानो भूल गए हो। उनका तो दावा है कि पार्टी का हर वर्कर दिन-रात आने वाले चुनाव के लिए मेहनत कर रहा है। लेकिन उनको शायद यह याद नहीं है कि जब किसी व्यक्ति को पद के साथ जिम्मेदारी सौंपी जाती है।*

- **लुधियाना जिला टीम में तकरीबन 35 से 40 सीटें:** *पार्टी की जिला टीम में 35 से 40 पद पर नेताओं को तैनात किया जाता है। इनकी नियुक्ति जिला प्रधान के साथ-साथ बड़े नेता मंथन करने के बाद ही करते हैं। इन 35 से 40 सीट में एक दर्जन के करीब सेक्रेटरी, 12 के करीब उप प्रधान, तकरीबन तीन जनरल सेक्रेटरी, कोषाध्यक्ष, उपकोष अध्यक्ष, प्रवक्ता, ऑफिस सेक्रेटरी, उप ऑफिस सेक्रेटरी इत्यादि पद रहते हैं। इन सब पद पर नियुक्ति करने के बाद पार्टी का जिला प्रधान उनसे लगातार काम करवाता है और पार्टी के साथ ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े इसके लिए इन नियुक्त किया नेताओं को लोगों के काम करवाने के आदेश भी दिए जाते हैं।*

*मानता हूं कि पार्टी की जिला टीम बनने में कुछ देरी हुई है। लेकिन 2 से 3 महीने के बीच में इसका गठन करना अनिवार्य होता है। कोशिश की जाएगी कि अगले हफ्ते तक जिला टीम के गठन कर दिया जाएगा। इसके लिए लगातार मंथन किया जा रहा है।*

**-सुनील मौदगिल, जिला प्रधान भाजपा**

### जसपाल बांगर से कोहाड़ा तक 6 गांवों में सड़कें, अवैध निर्माण और अन्य ढांचे गिराए

# 11 अवैध कॉलोनियों पर चला ग्लाडा का पीला पंजा

लक्की मेहता/राहुल शर्मा
लुधियाना | समर न्यूज




बिना मंजूरी कॉलोनियां काटकर प्लॉट बेचने वालों के खिलाफ ग्लाडा ने कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को ग्लाडा की इंफोर्समेंट टीम ने जसपाल बांगर, धरोड़, टिब्बा, माजरा, साहनेवाल और कोहाड़ा में एक साथ अभियान चलाकर 11 अनधिकृत कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान कॉलोनियों में बनाई गई सड़कें, अवैध निर्माण और अन्य ढांचे बुलडोजर से हटा दिए गए।

पंजाब के मकान एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां के दिशा-निर्देशों और ग्लाडा के मुख्य प्रशासक विकास हीरा की निगरानी में यह अभियान चलाया गया। ग्लाडा के अतिरिक्त मुख्य प्रशासक की ओर से जारी ढहाने के आदेशों के बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस बल और रेगुलेटरी विंग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई के दौरान किसी तरह का विरोध नहीं हुआ। ग्लाडा ने स्पष्ट किया कि बिना कानूनी मंजूरी कॉलोनी विकसित कर प्लॉट बेचना नियमों का उल्लंघन है। केवल सड़क बनाने या प्लॉट की मार्किंग करने से कोई कॉलोनी वैध नहीं हो जाती। विभाग ने लोगों से अपील की है कि प्लॉट या जमीन खरीदने से पहले कॉलोनी की मंजूरी और लेआउट प्लान की जांच करें। अनधिकृत कॉलोनियों में पानी, सीवरेज और बिजली जैसी सुविधाओं की गारंटी नहीं होती। ग्लाडा के मुताबिक हालिया अभियानों में अब तक 20 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियों पर कार्रवाई हो चुकी है। आने वाले दिनों में जगराओं, थरीके और धांदरा रोड सहित अन्य इलाकों में भी अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने कहा है कि कार्रवाई केवल अवैध निर्माण गिराने तक सीमित नहीं रहेगी। पंजाब रीजनल एंड टाउन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट के तहत अनधिकृत विकास में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

*बिना मंजूरी कॉलोनियां विकसित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। सस्ते प्लॉट के नाम पर आम लोगों को गुमराह करने वाले डेवलपर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अनधिकृत कॉलोनी को संरक्षण नहीं दिया जाएगा। आने वाले दिनों में भी ऐसे क्षेत्रों में कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। लोग अपनी मेहनत की कमाई लगाने से पहले कॉलोनी की मंजूरी जरूर जांचें। ग्लाडा की वेबसाइट पर स्वीकृत और नियमित कॉलोनियों की सूची तथा मंजूरशुदा लेआउट प्लान उपलब्ध हैं। बिना जांच के प्लॉट खरीदने से बाद में परेशानी हो सकती है।*



## कोर्ट के आदेश पर छात्रा को दसवीं में दोबारा मिला दाखिला

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

जालंधर बाईपास स्थित नारायणा ई-टेक्नो स्कूल प्रबंधन को कोर्ट के आदेश के बाद एक छात्रा को 10वीं कक्षा में दोबारा दाखिला देना पड़ा। छात्रा के पिता बलकार सिंह का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन उनकी बेटी को पढ़ाई में कमजोर बताते हुए 10वीं कक्षा में पढ़ाने के बजाय उसे 9वीं कक्षा दोबारा करने या स्कूल से ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) लेने का विकल्प दे रहा था। पिता के मुताबिक उनकी बेटी हरसिमरत कौर ने 9वीं कक्षा पास की थी और स्कूल ने ही उसे 10वीं कक्षा में प्रमोट किया था।

इसके बाद वह कई महीनों से 10वीं कक्षा की नियमित पढ़ाई कर रही थी। आरोप है कि सत्र के बीच में स्कूल प्रबंधन ने छात्रा समेत करीब 10-12 अन्य विद्यार्थियों को वापस 9वीं कक्षा में पढ़ने के लिए कहा। मामला बढ़ने पर बलकार सिंह ने लोक अदालत में याचिका दायर की।

### न्यूज ब्रीफ

## शिक्षक दिवस पर शुरू हुई एआई सशक्तीकरण पहल, क्षेत्र के स्कूलों तक पहुंचेगी एआई शिक्षा



लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज

शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु नानक देव भवन में शिक्षकों के लिए विशेष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सत्र का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन, लुधियाना ने इस पहल को अपना सहयोग प्रदान किया। इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों और विद्यार्थियों में एआई के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी डिजिटल क्षमता को मजबूत करना है। यह सत्र लखविंदर कौर के नेतृत्व वाले फिलैंथ्रॉपी क्लब के सहयोग से आद्वी बिजनेस स्ट्रक्चर्स द्वारा आयोजित किया गया। इस पहल की परिकल्पना आद्वी बिजनेस स्ट्रक्चर्स की सीईओ एवं संस्थापक कोमल चोपड़ा लेखी ने की। इसका उद्देश्य शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी और उपयोगी तकनीकी साधनों से परिचित करवाना था। उद्घाटन लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर की ओएसडी प्रगति वर्मा, आईएएस ने किया।

## जन्माष्टमी पर ओम सेवा समिति लगाया लंगर जरूरतमंद परिवारों को किया राशन वितरण



अशोक भारती | लुधियाना
समर न्यूज

ओम सेवा समिति की ओर से हरगोविंद मार्ग में समिति के कार्यालय में 239वा राशन वितरण समारोह ब जन्माष्टमी उत्सव का बहुत ही धूमधाम आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अरविंदर रवि गुप्ता ने की जिसमें जरूरतमंद परिवारों की 21 महिलाओं को एक महीने की राशन सामग्री वितरित की गई।इस अवसर पर सविता रानी, राधिका गुप्ता परिवार ब संस्था की तरफ से लंगर भी लगाया गया।इस अवसर पर निर्मला प्रभाकर रमेश भजन मंडली द्वारा अपने सुंदर-सुंदर भजनो द्वारा सभी को भक्ति के रंग में आनंदित किया !संस्थान के मुखी रवि रविन्द्र गुप्ता ने कहा कि हमारी संस्था का मुख्य कार्य नर सेवा नारायण सेवा है, इस महंगाई के युग में जिन परिवारों का कमाने वाला सदस्य परिवार का साथ छोड़ जाता है हम संस्था के सभी मेंबरों के सहयोग से उनको कुछ राहत देने का प्रयास करते हैं। हमारी संस्था की तरफ से हर महीने माता चिंतपूर्णी की बस यात्रा व साल में दो बार तीर्थ स्थलों की यात्रा भी करवाई जाती है।

## 40 हजार रिश्वत लेते विजिलेंस ने एएसआई पकड़ा



सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

विजिलेंस ब्यूरो ने 40 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एक एएसआई को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपित एएसआई जिंदर सिंह रिश्वत की रकम लेने के लिए जालंधर बाईपास चौक पर पहुंचा था, जहां पहले से तैयार विजिलेंस टीम ने उसे दबोच लिया।

विजिलेंस के एसएसपी वरिंदर बराड़ ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। विजिलेंस के मुताबिक, आरोपित के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत के साथ कॉल रिकॉर्डिंग भी मिली थी। इसके बाद शिकायत की जांच करने के बाद ट्रैप लगाया गया। मामला दो पक्षों में हुए झगड़े के बाद दर्ज हुए क्रॉस केस से जुड़ा है। विजिलेंस को दी शिकायत में चिट्टी कालोनी, गांव भटियां बेट निवासी रंजीत सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी मनजीत कौर का पड़ोसी अश्वनी कुमार के साथ विवाद हुआ था। दोनों पक्षों ने सिविल अस्पताल से मेडिकल करवाने के बाद पुलिस चौकी एल्डिको एस्टेट में शिकायत दी थी। मामले की जांच एएसआई जिंदर सिंह कर रहा था।

समझौता करवाने के नाम पर एएसआई ने पहले 50 हजार रुपये लिए, लेकिन इसके बावजूद 31 जुलाई को उसकी पत्नी और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर दिया।

## जिम की फीस को लेकर हेराफेरी, दो पर पर्चा दर्ज


सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज


जालंधर बाईपास स्थित ओजमो जिम में ग्राहकों से फीस वसूलकर कथित तौर पर जिम प्रबंधन को पैसे जमा न करवाने का मामला सामने आया है। जिम मालिक की शिकायत और पुलिस जांच के बाद थाना सलेम टाबरी की पुलिस ने दो महिला रिसेप्शनिस्ट के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

शिकायत में जिम मालिक विकास पाहवा ने बताया कि दोनों आरोपी युवतियां जिम के फ्रंट डेस्क पर रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थीं। जिम में नया सदस्य बनने या फीस जमा करवाने के लिए आने वाले ग्राहकों से दोनों नकद पैसे ले लेती थीं। इसके अलावा कुछ ग्राहकों को गूगल-पे के जरिए जिम के बजाय अपने निजी या रिश्तेदारों के बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा जाता था।

### एक तरफ पानी बचाने की अपील, दूसरी ओर थाने में गाड़ियों की धुलाई!

# पुलिस थाना है या कार धुलाई सेंटर



सहजप्रीत सिंह | लुधियाना | समर न्यूज

*थाना सदर परिसर में पाइप से गाड़ियां धुलने की तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में कई वाहन पाइप के जरिए धोए जाते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि वाहन सरकारी हैं या निजी। यदि सरकारी हैं तो थाने में धुलाई की अनुमति और व्यवस्था क्या है? निजी होने पर सवाल है कि क्या कोई भी यहां वाहन धुलवा सकता है।*

## किसानों का पक्का मोर्चा दसवें दिन भी जारी, सरकार के खिलाफ जताई नाराजगी



राजवीर बख्शी | लुधियाना
समर न्यूज

किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां की ओर से लगाया गया पक्का मोर्चा बुधवार को 10वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के दौरान किसान संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कर्मचारी-पेंशनरों के धरने में शामिल होकर उनके संघर्ष को समर्थन दिया। किसान नेताओं ने सरकार पर लिखित समझौतों और समय-समय पर दिए गए आश्वासनों को लागू नहीं करने का आरोप लगाया। जिला प्रधान चरण सिंह नूरपुरा ने कहा कि किसानों की मांगों को लेकर सरकार कई बार आश्वासन दे चुकी है और लिखित समझौते भी हुए हैं, लेकिन इनके बावजूद जमीनी स्तर पर मांगों को लागू करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों के आंदोलन को गंभीरता से लेते हुए धरनास्थल पर पहुंचकर उनकी समस्याएं सुननी चाहिए और समाधान के लिए ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। किसान नेताओं के अनुसार उनकी प्रमुख मांगों में भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते का विरोध, बीज बिल और बिजली बिल से जुड़े मुद्दों का समाधान, आबादकारों को मालिकाना हक देना जैसी मांगें शामिल हैं।

## छावनी मोहल्ला में कार में तोड़फोड़, गोली चलने का दावा



सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

लुधियाना के छावनी मोहल्ला इलाके में रात करीब 1 बजे एक ग्रैंड i10 निओस कार में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के दौरान गोली चलने का भी दावा किया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि यह मामला थाना डिवीजन नंबर 4 के क्षेत्राधिकार का है, जबकि सूचना मिलने के बाद थाना डिवीजन नंबर 1 के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच की। घटनास्थल पर पुलिस को गोली का कोई खोल बरामद नहीं हुआ है। मौके पर खड़ी ग्रैंड i10 निओस कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त मिली। तेजधार हथियारों से हमला कर कार के आगे और पीछे के शीशे पूरी तरह तोड़ दिए गए। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है।

घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक युवक हाथ में बंदूक लेकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है, जबकि एक अन्य युवक वहां से भागता नजर आ रहा है। पुलिस के मुताबिक, कार मालिक घटनास्थल पर मौजूद नहीं था।

**श्रद्धा** 10 सितंबर महामंत्र जाप का विश्राम , 11 से 14 तक हरिनाम संकीर्तन

## हरे कृष्ण-हरे राम महामंत्र से भक्तिमय हुआ माहौल

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज



सिविल लाइंस स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में 63वें ऋषि पंचमी महोत्सव के पावन उपलक्ष्य में आयोजित महामंत्र संकीर्तन श्रद्धा एवं भक्ति के साथ अपने 24वें दिन में प्रवेश कर गया। पं. राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने "हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे" महामंत्र का जाप किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर केशव जोशी, विशाल अरोड़ा, प्रिंस छाबड़ा, राहुल बस्सी, माधव कालरा, ललित शर्मा एवं सोमनाथ बबू सहित अन्य श्रद्धालुओं ने मंदिर में हाजिरी लगाई और महामंत्र जाप में शामिल होकर प्रभु का गुणगान किया। पं. श्री राज कुमार शर्मा ने महामंत्र नाम रस की महिमा बताते हुए कहा कि भगवान के नाम का जाप मनुष्य के जीवन में शांति, सकारात्मकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करता है। श्रद्धा एवं विश्वास के साथ किया गया नाम सिमरन व्यक्ति को प्रभु के चरणों से जोड़ने का माध्यम बनता है। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में महामंत्र जाप प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 8:30 बजे तक 10 सितंबर तक जारी रहेगा। इसके बाद 11 से 14 सितंबर तक विशेष हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 11 सितंबर को दिल्ली से भैया राहुल चौधरी, 12 सितंबर को सिरसा से भैया कृष्ण दास जी, 13 सितंबर को श्री धाम वृंदावन से बाबा चित्र विचित्र जी महाराज तथा 14 सितंबर को मुजफ्फरपुर से ब्रजेंद्र शास्त्री जी अपनी वाणी से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। 15 सितंबर को ऋषि पंचमी महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस दिन प्रातः यज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत श्री दंडी स्वामी महाराज जी का अभिषेक एवं पूजन होगा। इसके साथ संकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### बर्थडे



जियांश

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155